भारत सरकार
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3489
मंगलवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा से चलने वाली नाव</u>

3489. डॉ. अजित माधवराव गोपछड़े: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) यह देखते हुए कि कुछ राज्य सरकारें पहले से ही इस पहल का समर्थन कर रही हैं, मछली पकड़ने और जलयात्रा के लिए सौर ऊर्जा चलित नौकाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से केन्द्र सरकार द्वारा क्या उपाय कार्यान्वित किए गए हैं; और

(ख) क्या केंद्र सरकार सौर ऊर्जा चलित नौकाओं के लिए अनुसंधान प्रयासों में सुधार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): वर्तमान में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) मछली पकड़ने और जल यात्रा (क्रूजिंग) के लिए सौर-चालित नावों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कोई योजना लागू नहीं कर रहा है। तथापि, मंत्रालय ने हाल ही में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) से नावों में सौर विद्युत का उपयोग करने की व्यवहार्यता पर अध्ययन करने का अनुरोध किया है, जिसमें मछली पकड़ने और जल यात्रा के लिए उपयोग की जाने वाली नावें भी शामिल हैं। नाइस ने इस पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है और इसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) को प्रस्तुत किया है।

*****